भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
02.08.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2268 का उत्तर

ऐतिहासिक ठाणे रेलवे स्टेशन

2268. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मध्य रेलवे के अंतर्गत रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) द्वारा विमानपत्तन की भूमि पर ठाणे स्टेशन के विकास के लिए निधि उपलब्ध कराई गई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है;
(घ) यदि हां, तो यह कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है;
(ड.) क्या रेलवे स्टेशन में प्रवेश करने और बाहर निकलने में यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है क्योंकि मौजूदा भवन को गिराकर प्रवेश द्वार के निकट गत दो वर्षों से एक प्रतीक्षालय बनाया जा रहा है; और
(च) यदि हां, तो यात्रियों की समस्याओं का समाधान कब तक हो जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

ऐतिहासिक ठाणे रेलवे स्टेशन के संबंध में दिनांक 02.08.2023 को लोक सभा में श्री राजन बाबूराव विचारे के अतारांकित प्रश्न संख्या 2268 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (च): वर्तमान में, रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) द्वारा विमानपत्तन भूमि पर ठाणे स्टेशन विकसित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

रेल मंत्रालय ने हाल ही में, भारतीय रेल पर स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है।

इस स्टेशन में प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों तक पहुंच में सुधार, परिचलन क्षेत्र, प्रतीक्षालयों, शौचालयों, आवश्यकता अनुसार लिफ्टों/स्वचालित सीढ़ियों, स्वच्छता, निःशुल्क वाई-फाई, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणालियों, एक्जीक्यूटिव लाउंज, व्यापारिक बैठकों के लिए नामांकित स्थान, लैंडस्केपिंग आदि जैसी स्टेशन की सुविधाओं में सुधार लाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और इन्हें विभिन्न चरणों में कार्यान्वित करना शामिल है।

इस योजना में स्टेशन इमारत में सुधार, शहर के दोनों छोर के साथ स्टेशन को एकीकृत करने, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए स्थायी और पर्यावरण अनुकूल समाधानवाली सुविधाएं, गिट्टी रहित रेलपथ का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार 'रूफ प्लाज़ा' और लंबी अवधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर की चरणबद्ध योजना व व्यवहार्यता और निर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

मध्य रेलवे के ठाणे स्टेशन को इस योजना के अंतर्गत विकास करने के लिए एक स्टेशन के रूप में चिह्नित किया गया है।

इस स्तर पर रेलवे स्टेशनों का विकास जटिल प्रकृति का होता है और इसमें विस्तृत तकनिकी-आर्थिक व्यवहार्यता का अध्ययन की आवश्यकता होती है तथा इसके लिए शहरी/स्थानीय निकायों आदि से विभिन्न सांविधिक स्वीकृतियों सहित कई हितधारकों के परामर्श शामिल होते हैं और ये कारक समापन समय को प्रभावित करते हैं। इसलिए, इस स्तर पर कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है।

ठाणे स्टेशन के प्रवेश पर स्थित प्रतीक्षालय का कार्य पूरा कर लिया गया है और 23.07.2023 को यात्रियों के लिए खोला गया है।

******